कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-18.01.2025

विषयः- चोरी के 1.2 कि0ग्रा0 पाइप व घटना मे प्रयुक्त औजारों के साथ 01 नफ़र अभियुक्त गोलू कुमार अग्रहरि को थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के अनावरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में, थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत चेकिंग के दौरान आज दिनांक-18.01.2025 को समय करीब 00.10 बजे आजमगढ रिंग रोड से 01 नफ़र अभियुक्त गोलू कुमार अग्रहरि पुत्र संजय कुमार अग्रहरि निवासी शीतला माता मंदिर पुराना पुल थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को चोरी के 1.2 किलोग्राम पाइप व घटना में प्रयुक्त औजारों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-015/2025 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत करते हुए अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त गोलू कुमार अग्रहरि ने पूछताछ करने पर बताया कि मेरे द्वारा आज दौलतपुर रोड़ पर एस0बी0आई0 बैंक के ए0टी0एम0 से एसी का तांबे का पाइप चुराया गया था। मैं अक्सर रात में एसी व अन्य जगहों पर लगे हुए पाइप व तार को चोरी कर लेता हूँ जिसको बेंच कर मैं अपनी जरूरतों को पूरा करता हूँ। मुझे लगा कि आपलोग उसी कारण से मुझे पकड़ने आ रहे हैं इसलिये मैं भागने लगा पर आप लोगों द्वारा मुझे पकड़ ही लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

गोलू कुमार अग्रहरि पुत्र संजय कुमार अग्रहरि निवासी शीतला माता मंदिर पुराना पुल थाना सारनाथ जनपद वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- आजमगढ रिंग रोड से, दिनांक 18.01.2025 को समय करीब 00.10 बजे।

बरामदगी का विवरण-

चोरी का 1.2 किलोग्राम पाइप व घटना में प्रयुक्त औजार 01 अदद हथौड़ी तथा 01 अदद छेनी बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 15/2025 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष विवेक कुमार पाठक थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 आशुतोष त्रिपाठी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अम्बरीश दूबे थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 वीरेन्द्र कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी